Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up bird watching park near Bhandup pumping station in Mumbai North-East Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री मनोज कोटक (मुम्बई उत्तर-पूर्व): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मुम्बई नॉर्थ ईस्ट के भाण्डुप पंपिंग स्टेशन के करीब प्रवासी पक्षियों का हॉट स्पॉट है यहां प्रत्येक वर्ष हजारों की संख्या में फलेमिंगो पक्षी लगभग 6 महीने मुम्बई के भांडुप पंपिंग स्टेशन के करीब आकर रहते हैं । नवंबर के महीने में फलेमिंगों यहां आ जाते है और मई महीने तक रहते है । यह बहुत ही आकर्षक होता है और मुम्बई की जनता फलेमिंगो के आने का प्रत्येक वर्ष इंतजार करती है ।

मैंने माननीय शिपिंग मंत्री महोदय से निवेदन किया था कि मेरे संसदीय क्षेत्र में आने वाले भाण्डुप पंपिंग स्टेशन के पास जहां फलेमिंगो का सबसे ज्यादा आना होता है, वहां पर एक फलेमिंगो पक्षी वाचिंग पार्क बनाया जाए और इसे एक टूरिस्ट एरिया के रूप में विकसित किया जाए । इस स्थान पर फलेमिंगो पक्षी वाचिंग पार्क बनाया जाए । इसमें एक टूरिस्ट प्रकार के प्रवासी पक्षी आते हैं जैसे पर्पल हार्न, नॉर्थन पीनटेल, ब्लैकटेल गडविल, रूडी शेलडेक, ये कुछेक पक्षियों के नाम हैं जो टूरिस्ट के लिए बहुत ही आकर्षक होते हैं और यहां प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में आते हैं ।

इसलिए मेरी सरकार से मांग है कि भाण्डुप पंपिंग स्टेशन के पास का क्रीक एरिया जहां हजारों प्रवासी पक्षियों का निवास होता है, उसके पास फलेमिंगों बर्ड वॉच पार्क और आकर्षक टूरिस्ट स्पॉट विकसित किया जाए और शिपिंग मंत्रालय की ओर से जरूरी सहायता संबंधित विभाग को उपलब्ध करायी जाए ।